# राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, सोलन (हि.प्र.)
## वार्षिक प्रतिवेदन (2019 – 2020)

राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, सोलन के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के गरिमामयी उत्सव के मुख्य अतिथि परम आदरणीय डॉ. राजीव सैज़ल, माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सहकारिता मंत्री, हिमाचल प्रदेश सरकार, विशिष्ट अतिथिगण, प्रशासनिक अधिकारी, अभिभावक-प्राध्यापक संघ की कार्यकारिणी के सदस्य, मीडिया प्रभारी-आप सबका मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक अभिनंदन करता हूँ, स्वागत करता हूँ। आज के उत्सव के मुख्य अतिथि डॉ. राजीव सैज़ल जी किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। अपने विधानसभा क्षेत्र कसौली के सर्वांगीण विकास तथा हिमाचल प्रदेश के अनवरत् विकास में आपका योगदान अविस्मरणीय है। आपकी कर्त्तव्यनिष्ठा तथा प्रतिबद्धता सर्वविदित है।

मुख्य अतिथि महोदय, अब मैं आपकी अनुमति से सत्र 2019-20 के अन्तर्गत महाविद्यालय में सम्पन्न विभिन्न गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत कर रहा हूँ।

### महाविद्यालय परिचय :

प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण उतुंग गिरि श्रृंखलाओं से आच्छादित जिला सोलन की कसौली विधानसभा के अन्तर्गत ग्रामीण युवाओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से 2012 में स्थापित यह महाविद्यालय अद्यतन बीईईओ, धर्मपुर की पुरानी इमारत में ही कार्यशील है। महाविद्यालय का निजी भवन सुरम्य एवं मनोरम मण्डूधार में निर्माणाधीन है।

### विद्यार्थी संख्या :

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में कुल 469 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इनमें 153 छात्र तथा 316 छात्राएँ हैं। कला संकाय में 249 विद्यार्थी तथा वाणिज्य संकाय में 220 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, स्वास्थ्य तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि शिक्षेत्तर गतिविधियों को भी यथासंभव महाविद्यालय में महत्व दिया जा रहा है।

### वर्गीकृत विद्यार्थियों की प्रवेश सारिणी (2019 – 20)

| संकाय | कक्षा | सामान्य | | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | ओबीसी | | आईआरडीपी | | बीपीएल | | कुल | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | |
| कला | प्रथम वर्ष | 15 | 31 | 13 | 31 | - | - | 01 | 02 | - | - | - | - | 29 | 64 | **93** |
| | द्वितीय वर्ष | 09 | 36 | 10 | 17 | - | - | - | - | - | - | - | | 19 | 53 | **72** |
| | पंचम/छठा सेमेस्टर | 09 | 35 | 07 | 31 | - | 01 | 01 | - | - | - | - | - | 17 | 67 | **84** |
| वाणिज्य | प्रथम वर्ष | 19 | 28 | 14 | 12 | - | 02 | 01 | - | 02 | 01 | 01 | - | 34 | 42 | **76** |
| | द्वितीय वर्ष | 19 | 28 | 14 | 16 | - | - | - | - | - | - | - | - | 33 | 44 | **77** |
| | पंचम/छठा सेमेस्टर | 14 | 19 | 07 | 26 | - | - | - | 01 | - | 01 | - | - | 21 | 46 | **67** |
| | **कुल योग** | **85** | **177** | **65** | **13 3** | **–** | **03** | **03** | **03** | | | | | **153** | **3 16** | **469** |

**सभी वर्गों के कुल छात्र – छात्राओं की संख्या 469 है।**

## परीक्षा परिणाम :

| कक्षा | उत्तीर्ण % |
|---|---|
| बी. कॉम 6th सेमेस्टर | 96.82% |
| बी. कॉम 5th सेमेस्टर | 77.77% |
| बी. कॉम 4th सेमेस्टर | 42.46% |
| बी. कॉम 3rd सेमेस्टर | 91.78% |
| बी. कॉम प्रथम वर्ष | 53.94% |
| बी. ए. 6th सेमेस्टर | 93.18% |
| बी. ए. 5th सेमेस्टर | 95.45% |
| बी. ए. 4th सेमेस्टर | 83.33% |
| बी. ए. 3rd सेमेस्टर | 82.55% |
| बी. ए. प्रथम वर्ष | 61.25% |

## छात्रवृत्तियाँ

सत्र 2018 – 19 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में अनुसूचित जाति के दो विद्यार्थियों को 8081 ⁄ – , कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना (Fresh) में दो विद्यार्थियों को 30000 ⁄ – , कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना (Renewal) में तीन विद्यार्थियों को 45000 ⁄ – स्वीकृत हुए हैं। वर्तमान सत्र में भी ग्यारह विद्यार्थियों का आवेदन विभिन्न योजनाओं की छात्रवृत्तियों के लिए स्वीकृत हुआ है।

## पुस्तकालय

श्रीमती रजनी भारद्वाज के कुशल संचालन में क्रियाशील महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की लगभग 859 पुस्तकें संग्रहित हैं। इसके अतिरिक्त 383 पुस्तकों के लिए बजट का प्रावधान करने की प्रक्रिया जारी है। इसके अतिरिक्त 04 दैनिक समाचार पत्र तथा 05 मैग्जीन्स एवं जरनल भी विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन तथा बौद्धिक विकास के लिए व्यवस्थित किए गए हैं। यहां यह भी ध्यातव्य है कि पुस्तकालय स्थापित होने के विगत दो वर्षों में विद्यार्थियों में अध्ययन प्रवृत्ति विकसित हुई है।

## शिक्षक – गैर शिक्षक ⁄ कर्मचारी वर्ग

महाविद्यालय में इस समय 10 शिक्षक, पुस्तकालयाध्यक्षा तथा 8 गैर शिक्षक ⁄ कर्मचारी कार्यरत हैं। लिपिक तथा तबला वादक का एक – एक पद रिक्त है। इस वर्ष जो शिक्षक – गैर शिक्षक ⁄ कर्मचारी महाविद्यालय से स्थानांतरित हुए और उनके स्थान पर जो हमारे महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए उनका विवरण इस प्रकार है –

आगमन : डॉ. एच.के. ठाकुर ने महाविद्यालय में प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस वर्ष प्रो. रेनू बाला (अर्थशास्त्र), श्रीमती निर्मला नेगी (अधीक्षक ग्रेड – II), मिस्टर विक्रांत (लिपिक), श्रीमती उर्मिला देवी (सेवादार), श्रीमती बिमला देवी (सेवादार) का आगमन हुआ।

प्रस्थान : प्रो. उषा नेगी प्राचार्या के पद से सेवानिवृत्त हुईं। महाविद्यालय से श्री पी.सी. मस्ताना (अधीक्षक), श्री शिव कुमार (सेवादार), श्रीमती कौशल्या देवी (सेवादार) का स्थानांतरण हुआ।

## केन्द्रीय छात्र परिषद्

वर्तमान सत्र में केन्द्रीय छात्र परिषद् का मनोनयन मैरिट के आधार पर सितम्बर 2019 में हुआ, जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया :

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | भारती वर्मा | बी.ए. – V सेमेस्टर |
| उपाध्यक्ष | आरती देवी | बी.कॉम – V सेमेस्टर |
| सचिव | रितु | बी.ए. द्वितीय वर्ष |
| संयुक्त सचिव | हिमानी | बी.कॉम. प्रथम वर्ष |

इन पदाधिकारियों के अतिरिक्त 6 कक्षा प्रतिनिधि तथा 5 मनोनीत सदस्य भी इस परिषद् के सदस्य बने।

## अभिभावक – प्राध्यापक संघ

महाविद्यालय के विकासात्मक कार्यों में महती भूमिका का निर्वहन करने तथा अभिभावकों, छात्रों एवं महाविद्यालय प्रशासन के मध्य सुन्दर एवं समुचित समन्वय स्थापित करने के लिए विगत कई वर्षो से यह संघ कार्यरत है। इस सत्र में इस संघ का गठन प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. एच.के. ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारी चयनित किए गए : –

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | श्री जोगिन्द्र शर्मा |
| उपाध्यक्ष | श्री दिनेश ठाकुर |
| सचिव | श्री बी.एन. कमल |
| सह – सचिव | श्री रमेश अत्री |
| सलाहकार | श्री ललित अत्री |
| कोषाध्यक्ष | प्रो. अंकुर सूद |
| अंकेक्षक | प्रो. राजेश भट्ट |

इस सत्र में इस संघ ने महाविद्यालय के विकास में जो योगदान दिया, उसका विवरण इस प्रकार है :

- ❖ छात्राओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए कॉलेज परिसर में Sanitary Napkin Vending Machine तथा Incinerator लगवाया गया।
- ❖ संगीत विभाग के लिए हारमोनियम तथा यांत्रिक तानपूरा – तबला उपलब्ध करवाया गया।
- ❖ विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण तकनीक से जोड़ने के लिए Projector की व्यवस्था करने के लिए भी सहमति प्रदान कर दी है।
- ❖ महाविद्यालय में सम्पन्न हुई विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं तथा अन्य सांस्कृतिक – अकादामिक गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कार का प्रदेय भी पी०टी०ए० कोष से प्रदत्त है।

मैं संघ का यथावसर सहयोग के लिए हृदय की गहराई से आभार अभिव्यक्त करता हूँ।

## ‘प्रयास’ पत्रिका

महाविद्यालय की शैक्षणिक – सांस्कृतिक तथा खेल सम्बन्धी संक्षिप्त गतिविधियों का दर्पण तथा विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की कलात्मक अभिव्यक्ति का मंच है महाविद्यालय की वार्षिक ‘प्रयास’ पत्रिका। विभिन्न भाषाओं, अनुभागों एवं विद्यार्थियों की भाव – कल्पनाओं के इन्द्रधनुषी शब्द – रंगों से चित्रित, सुसज्जित एवं सुशोभित पत्रिका महाविद्यालय की अनुपम अस्मिता है। इस पत्रिका की मुख्य सम्पादिका का कार्यभार डॉ. अनीता ठाकुर के पास है।

## महाविद्यालय की उपलब्धियाँ

- ❖ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सोलन में आयोजित ‘नेताओं के लिए सेवानिवृत्ति की उम्र तय हो’ विषय पर मुरारीलाल माहेश्वरी स्मृति वाद – विवाद प्रतियोगिता में हमारे महाविद्यालय की पायल (बी.कॉम. द्वितीय वर्ष) को तृतीय पुरस्कार तथा रितु (बी.ए. द्वितीय वर्ष) को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- ❖ राजकीय महाविद्यालय, हरिपुर, कुल्लू में संपन्न Youth Festival, HPU Shimla Group-I में प्रो. बी.एन. कमल तथा प्रो. मिताली के नेतृत्व में पायल, रितु, महक पंवर, चरणजीत, भूपेन्द्र तथा ललिता ने संभाषण, वाद – विवाद, रंगोली, पेंटिंग तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर सुन्दर प्रदर्शन किया।
- ❖ राजकीय महाविद्यालय, सीमा में सम्पन्न Youth Festival, HPU Shimla Group-II में प्रो. दीपक शर्मा के निर्देशन में समूह – गान, लोक गीत व ग़ज़ल में प्रतिभागी बने। महाविद्यालय के लिए यह गौरव का विषय है कि समूह – गान के प्रतिभागी निशा, गगनदीप, प्रियंका, अंकिता, विनीता, मोहित तथा कमलदीप ने इस प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में 45 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया था।
- ❖ HPU Inter College Wrestling Championship, Baijnath में महाविद्यालय की दो छात्राओं ने भाग लिया। 50 किलोग्राम भार वर्ग में बी.कॉम. प्रथम वर्ष की छात्रा ज्योति तथा 76 किलोग्राम भार वर्ग में बी. कॉम. प्रथम वर्ष की छात्रा किरणदीप ने Bronze मैडल हासिल किया।
- ❖ गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेजिस, हमीरपुर में आयोजित Inter College Kabaddi Championship, HPU में भी महाविद्यालय की टीम ने भाग लिया।
- ❖ महाविद्यालय से उत्तीर्ण बी०कॉम की दो छात्राओं प्रियंका वर्मा तथा आकांक्षा को मैरिट के आधार पर हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष लैपटॉप – प्राप्ति के लिए अधिसूचित किया गया है।

अपने महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित करने के लिए मैं उपर्युक्त समस्त विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ।

## महाविद्यालय की प्रमुख गतिविधियाँ

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु वर्षभर अनेक शैक्षिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

### इको क्लब

विद्यार्थियों को प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरुक करने के लिए संगठित इको क्लब डा. सतीश ठाकुर के संयोजन में कुशलता से कार्य कर रहा है। 24 जुलाई 2019 को ‘वन महोत्सव अभियान’ के अन्तर्गत इको क्लब के पर्यवेक्षक प्रो. भुवनेश्वरी तथा प्रो. दीपक की अध्यक्षता में कॉलेज तथा आसपास के क्षेत्र में लगभग 80 पौधे लगाए गए।

## नशा – विरोधी प्रकोष्ठ

समन्वयक प्रो. राजेश भट्ट के निर्देशन में सक्रिय इस प्रकोष्ठ द्वारा नशा – मुक्ति अभियान के अन्तर्गत इस सत्र में विद्यार्थियों को शपथ के साथ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। कॉलेज परिसर से पंचायत कार्यालय तक रैली निकाली गई। ग्राम पंचायत धर्मपुर के प्रधान श्री ओम प्रकाश पंवर ने नशा मुक्ति पर संभाषण देकर विद्यार्थियों को जागरुक किया। **नशा जागरुकता व पुनर्वास** विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें Care India Rehabilitation के संयोजक जगजीत सिंह बाजवा ने नशे के लक्षण वाले व्यक्तित्व, उसकी गतिविधियाँ व नशे में संलिप्त व्यक्तियों के पुनर्वास संबंधी जानकारी दी। प्रकोष्ठ की उप – समन्वयक प्रो. मिताली धरेला तथा प्रो. अंकुर सूद उपर्युक्त समस्त गतिविधियों में सहयोगी रहे।

## प्लेसमेंट / कैरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ

प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए अनेक काउंसलिंग सत्रों का आयोजन किया गया। Blue Chip Educational Cum Charitable Society धर्मपुर की मिस मंजू द्वारा Role of Information Technology in Business विषय पर हुई वार्ता में विद्यार्थियों को IT Sector में रोजगार के अवसरों से अवगत करवाया गया। श्री धर्मेंद्र बारु, शाखा प्रबन्धक, एसबीआई धर्मपुर ने Banking and Insurance Sector विषय पर तथा उनके सहयोगी निखिलेश जिंदल ने SSC के लिए तैयारियों पर व्याख्यान दिया। Financial Marketing Practices, Mumbai से श्री गुरु सेवक सिंह द्वारा Investor Awareness Programme आयोजित किया गया। UPES, Dehradun से मि. सुरेन्द्र सिंगटा द्वारा Emerging Opportunities in Business World (Keeping focus on Energy Sector) विषय पर तथा BUEST, Baddi University से मि. रोहित ठाकुर द्वारा Job Opportunities after Graduation (Keeping focus on Pharma Industry) विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो० राजेश भट्ट इस प्रकोष्ठ के नियंत्रक है।

## रेड – रिबन क्लब :

महाविद्यालय में डॉ. सतीश ठाकुर के संयोजन में रेड रिबन क्लब का गठन किया गया है जिसका उद्‌देश्य विद्यार्थियों में एड्स ओर रक्तदान जागरुकता पर क्रियाशील होना है।

## महिला प्रकोष्ठ :

**नई सोच नया लक्ष्य** को अपना आदर्श मानकर चलने वाले महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर छात्राओं के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थ्य अधिकारी, धर्मपुर, श्रीमती सुषमा शर्मा ने व्याख्यान दिया। अमर उजाला ग्रुप के **अपराजिता** कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्राओं के लिए वक्तृता तथा Quiz प्रतियोगिता का आयोजन कर पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. एच० के० ठाकुर, CDPO श्रीमती बीना कश्यप, BDC सदस्य श्रीमती दीक्षा देवी, PTA प्रधान जोगिन्द्र शर्मा जी, बीपीईओ श्री देवीराम भारद्वाज ने अपने विचार रखे। बाल विकास परियोजना धर्मपुर के सौजन्य से महाविद्यालय में पोषण माह के अन्तर्गत चित्रकला तथा भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। स्थानीय स्वास्थ्य शिक्षकों ने आंगनवाड़ी कर्मियों की सहायता से विद्यार्थियों का HB, BP व Sugar चैक किया। डॉ. अमित, बीएमओ धर्मपुर द्वारा विद्यार्थियों को Non Communicable Diseases तथा Drug Addiction के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## खेलकूद गतिविधियाँ :

शरीर, मन और आत्मा में सामंजस्य स्थापित करने के लिए जीवन में खेल गतिविधियाँ भी आवश्यक हैं, जिनके प्रति युवा वर्ग सहज आकर्षित होता है। 15 फरवरी 2020 को महाविद्यालय की Annual Athletic/Sports Meet आयोजक – सचिव डॉ. बी.एन. कमल के तत्वावधान में सम्पन्न हुई, जिसमें कॉलेज प्राचार्य डॉ. एच० के० ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। Meet में अनेक एथलेटिक प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। पुरुष वर्ग में बी.ए. VI सेमेस्टर के मोहित तथा महिला वर्ग में बी.ए. VI सेमेस्टर की दीक्षा तथा शिवानी को संयुक्त रूप से **सर्वश्रेष्ठ** एथलीट घोषित किया गया।

## महाविद्यालय में संपन्न कुछ अन्य गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है :

- ❖ कांगड़ा में 1905 में आए भीषण भूकम्प की घटना से सबक लेने और प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए महाविद्यालय में विद्यार्थियों को जागरुक किया गया। उन्हें मॉकड्रिल करवाई गई।
- ❖ नया सत्र प्रारम्भ होते ही डॉ. अनीता ठाकुर, प्रो. जगदेव चन्द शर्मा तथा प्रो. अंकुर सूद द्वारा विद्यार्थियों की Orientation Cum Counselling की गई।
- ❖ **'एक नई सोच'** के अन्तर्गत 6 अगस्त, 2019 को महाविद्यालय में 'टैलेंट हंट' प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें Elocution, Poster Making, Collage Making, Rangoli, Slogan Writing, Debate, Quiz आदि प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इन प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को यूथ फेस्टिवल में भेजने के लिए चयनित किया गया।
- ❖ 15 अगस्त, 2019 को महाविद्यालय में स्वतन्त्रता दिवस मनाया गया।
- ❖ 28 अगस्त 2019 को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के अवसर पर **Fit India Movement** के तहत माननीय प्रधानमन्त्री **नरेन्द्र मोदी** द्वारा देश के नागरिकों के नाम संदेश का Live प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया गया तथा फिटनैस शपथ दिलाई गई।
- ❖ 'जलशक्ति अभियान' के अन्तर्गत प्रो. जगदेव चन्द शर्मा की अध्यक्षता में विद्यार्थियों की सहायता से सिहारड़ी गांव में बावड़ी की साफ – सफाई की गई। विद्यार्थियों को स्वच्छ जल पीने की महत्ता बताई गई।
- ❖ 14 सितम्बर, 2019 को 'हिन्दी दिवस' के उपलक्ष्य में सुलेख तथा नारा लेखन प्रतियोगिताएँ करवाई गईं।
- ❖ 25 सितम्बर, 2019 को 'प्लास्टिक मुक्त अभियान' के तहत विकास खण्ड धर्मपुर के सौजन्य से कालका – शिमला हाईवे पर CRPF गेट से लेकर सुक्खी जोहड़ी तक स्वच्छता रैली में प्रतिभागी बने।
- ❖ 2 अक्टूबर 2019 को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में समन्वयक प्रो. राजेश भट्ट द्वारा No use of Single Plastic विषय पर वक्तृता के आयोजन के साथ No use of Single Plastic की शपथ भी दिलाई गई। महाविद्यालय परिसर से पड़ाव तक Fit India Planning Run का भी आयोजन किया गया। इस दौरान रास्ते में पड़े लगभग 50 किलो प्लास्टिक के कूड़े को एकत्र किया गया।
- ❖ 11 अक्टूबर 2019 को अमृता विश्वविद्यालय, केरल से आए डॉ. नरेन्द्र व श्वेता ने विद्यार्थियों को एकीकृत अमृता ध्यान की तकनीक और युवा शक्ति को भारतीय संस्कृति के अभिन्न उपादान – ध्यान, योग द्वारा तनाव से मुक्ति व एकाग्रता प्राप्ति से अवगत करवाया।
- ❖ 31 अक्टूबर 2019 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की शपथ दिलाई गई।
- ❖ 26 नवम्बर 2019 को संविधान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को संविधान अनुपालना की शपथ व मौलिक कर्तव्यों से सम्बन्धित Pamphlets वितरित कर जागरुक किया गया ।

- 7 दिसम्बर, 2019 को स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर डॉ. बी.एन. कमल तथा प्रो. जगदेव चन्द शर्मा द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।
- 27 दिसम्बर 2019 को Voter Awareness Programme के तहत Nodal Officer डॉ. बी.एन. कमल के सौजन्य से जिला मतदान कमिशनर के कार्यालय के कर्मियों के सहयोग से विद्यार्थियों को जागरुक किया गया।

## शिक्षक – वर्ग की शैक्षिक उपलब्धियाँ :

**डॉ. अनीता ठाकुर** ने 1 मार्च 2019 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर 11, चण्डीगढ़ में चण्डीगढ़ साहित्य अकादमी के सौजन्य से सम्पन्न अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'मीडिया में हिन्दी भाषा की भूमिका' विषय पर शोध – पत्र प्रस्तुत किया।

- डॉ. प्रतिभा कुमारी द्वारा संपादित पुस्तक 'वैश्विक धरातल पर हिन्दी' में 'हिन्दी के समक्ष चुनौतियां एवं समाधान' विषय पर शोध – पत्र प्रकाशित हुआ।
- हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के Court की सदस्य के रूप में अधिसूचित किया गया है।

**डॉ० बी० एन० कमल** ने 7 सितम्बर, 2019 को राजकीय महाविद्यालय ठियोग में **साहित्य और राजनीति** विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।

- 30 – 11 – 2019 को जिला चुनाव आयुक्त, सोलन के कार्यालय में 'मतदाता साक्षरता जागरुकता' विषय पर कार्यशाला में भाग लिया।
- 5 – 12 – 2019 को HGCTA द्वारा आयोजित Issues and Challenges in Higher Education विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।
- 6 व 7 दिसम्बर 2019 को राजकीय महाविद्यालय धामी 16 मील में संपन्न Women in 21st Century: Issues and Challenges विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।

**प्रो. जगदेव चन्द शर्मा** HGCTA द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभागी बने।

- राजकीय महाविद्यालय धामी 16 मील में सम्पन्न Women in 21st Century, Issues and Challenges विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।
- 16.9.2019 से 28.9.2019 तक JNU New Delhi में HRDC द्वारा आयोजित Refresher Course को A grade के साथ परिपूर्ण किया।
- पी. सिगामनी, संघमित्रा आचार्य द्वारा सम्पादित पुस्तक "Health, Safety and Well being of workers in the informal sector in India-Lessons for emerging economics" में Waste management and Health of the waste workers-A study in Shimla City, H.P. विषय पर शोध – पत्र प्रकाशित हुआ।

**डॉ. सतीश ठाकुर** ने 22 – 7 – 2019 से 3 – 8 – 2019 के बीच UGC-Human Resource Development Centre, HPU, Shimla के सौजन्य से सम्पन्न हुए Mathematics and Statics विषय पर Refresher Course को A Grade के साथ परिपूर्ण किया।

- 20 व 21 अक्टूबर, 2019 को चित्तकारा विश्वविद्यालय बद्दी में हुई अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में "On Set of Hadamard Rhotrix and its design of Binary linear Block Code विषय पर शोध – पत्र प्रस्तुत किया।
- 29 व 30 नवम्बर, 2019 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हमीरपुर में हुई अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में

Design of Binary linear Block Code for Hadamard Rhotrix and its sub rhotrixes constructed from special type of Mn-matrix विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

❖ HGCTA द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में Role of NAAC in Higher Education विषय पर शोध – पत्र प्रस्तुत किया।

**प्रो. भुवनेश्वरी** ने 16.9.2019 से 5.10.2019 के बीच UGC-Human Resource Development Center, HPU Shimla द्वारा आयोजित Orientation Programme को A Grade के साथ परिपूर्ण किया।

**प्रो. दीपक शर्मा** ने 7 सितम्बर, 2019 को राजकीय महाविद्यालय ठियोग में राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'तकनीक के दौर में संगीत' विषय पर शोध – पत्र प्रस्तुत किया।

❖ HGCTA द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभागी बने।

**प्रो. मिताली धरेला** ने 15.7.2019 से 27.7.2019 तक SCERT, Solan द्वारा आयोजित Induction Training Programme में भाग लिया।

**श्रीमती रजनी भारद्वाज** ने 10.12.2019 से 23.12.2019 तक गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर में Environment Science पर Refresher Course किया।

## महाविद्यालय की अपेक्षाएँ

महोदय, महाविद्यालय के विस्तार को देखते हुए निजी भवन के निर्माण कार्य में तेजी लाने में आपका सहयोग अपेक्षित है, ताकि समस्त गतिविधियाँ सुचारु रूप से क्रियान्वयन हो सके। महाविद्यालय में एक Physical Education के प्रवक्ता की Post की भी आवश्यकता है ताकि खेल – गतिविधियों में विद्यार्थियों की प्रतिभा को और अधिक निखारा जा सके।

## धन्यवाद ज्ञापन

समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से मैं माननीय मुख्य अतिथि डॉ. राजीव सैज़ल महोदय का एक बार फिर आभार प्रकट करता हूँ जिन्होंने अपनी समस्त व्यस्तताओं के बावजूद हमारे वार्षिकोत्सव में सम्मिलित होकर हमारा मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया है।

यहाँ उपस्थित समस्त गणमान्य अतिथियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ कि जिन्होंने इस उत्सव में शामिल होकर हमारी खुशियों में अभिवृद्धि की है।

प्राध्यापक, कर्मचारी वर्ग, अभिभावक – प्राध्यापक संघ के प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी, मीडिया बन्धुओं तथा महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों का भी धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने आज के इस समारोह को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग दिया।

अन्ततः सभी मेधावी तथा प्रतिभाशाली छात्र – छात्राएँ बधाई के पात्र हैं जिन्हें आज पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव मिला है। मैं आप सबके सुखद, सफल तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

धन्यवाद ।

**प्रस्तुति**

**डॉ. एच० के० ठाकुर**

**प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, सोलन (हि०प्र०)**